तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 29 अप्रैल 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन
4



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

Chaitanya
chaitanya NEET Academy
कम फीस में, बेहतर शिक्षा
डॉ बनने का सपना पूरा करें
ADMISSION OPEN
NEET
Dropper Batch
CRASH COURSE | DROPPER COURSE | FOUNDATION COURSE
9202462730

## संसोधन के साथ सर्वसम्मति से किया गया पास, पीएससी पास करने वाले युवाओं को 1 लाख का प्रावधान

# नगर निगम ने पेश किया दो करोड़ घाटे का बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को नगर निगम की भाजपा सरकार की पहली सामान्य सभा की बैठक में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने अपने कार्यकाल का पहला बजट पेश किया। मंजूषा भगत ने अपने अभिभाषण में 6 अरब 94 करोड़ 6 लाख 46 हजार रूपए आय के विरुद्ध 6 अरब 96 करोड़ 4 लाख 67 हजार रूपए व्यय के साथ 1 करोड़ 98 लाख 21 हजार रूपए घाटे का बजट पेश किया। इसके साथ ही महापौर ने चुनाव के दौरान किए गए घोषणा के तहत वादों को पूरा करने का प्रयास इस बजट के माध्यम से किया है। नगर निगम द्वारा पेश किए गए बजट को विपक्ष द्वारा दिए गए कुछ सुझावों के बाद संशोधन के साथ सर्वसम्मति से पास किया गया।

**खास बातें**

- खेल मैदान के लिए 20.25 करोड़, अमृत मिशन के तहत 100 करोड़ की राशि
- गौवंश की रक्षा के लिए भी 1 करोड़, 15 लाख से होगा महामाया कारीडोर का निर्माण

बता दें कि सोमवार को नगर निगम के सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने अपनी सरकार का पहला बजट पेश किया। हमेशा की तरह नगर निगम की सरकार ने घाटे का ही बजट पेश किया है लेकिन इस बजट में कुछ खास प्रावधान किए गए है। महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि युवाओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से यूपीएससी परीक्षा पास करने वाले युवाओं को प्रोत्साहन राशि 1 लाख रूपए महापौर सम्मान निधि से देने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही शहर के प्रतिभावान युवाओं, छात्र छात्राओं में खेत प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद हेतु स्टेडियम निर्माण, एथलेटिक ट्रेक एवं खेल मैदान निर्माण हेतु 20 करोड़ 25 लाख 19 हजार रूपए का प्रावधान किया गया है। नगर में स्वच्छता प्रबन्धन के तहत डस्टबिन खरीदी के लिए 75 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। अमित मिशन 2.0 के तहत वार्डों में पाइप लाइन विस्तार, सुधार कार्य हेतु 100 करोड़

⏭ शेष पेज 4 पर



सदन में विषय पर चर्चा करतीं महापौर, नेता प्रतिपक्ष व अन्य सदस्य।

### निगम में पहली बार पहुंचे सांसद

सोमवार को नगर निगम की पहली सामान्य सभा की बैठक में पहली बार सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज शामिल हुए। निगम के सदन में आए सांसद का महापौर श्रीमती मंजूषा भट के साथ ही नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद और सभी पार्षदों ने स्वागत किया। इस दौरान सांसद प्रश्नकाल में शामिल हुए और पक्ष विपक्ष की चर्चाओं को सुना। इसके बाद उन्होंने विद्युत, पेयजल, सड़क सहित अन्य विषयों को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। बैठक के दौरान महापौर श्रीमती भगत की ओर से कुछ मांगे रखी। इसके साथ ही नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि शहर में पेयजल की समस्या है और जब तक शासन से पाइप लाइन विस्तार के लिए स्वीकृति नहीं मिलती तब तक के लिए टैंकर से पानी सप्लाई हेतु टैंकर की उपलब्धता सांसद की तरफ से कराई जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा की 23 करोड़ रूपए की राशि अब तक जारी नहीं हो पाई है। सासंद की तरफ से पहल कर राशि प्रदान करने में मदद की जाए इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्व के 10 वर्षों में किसी सांसद से सांसद मद नहीं मिला लेकिन सदन की इच्छा है कि सासंद द्वारा अपने मद से 2 करोड़ रूपए निगम को दिया जाए ताकि आवश्यक कार्यों को किया जा सके। वरिष्ठ पार्षद आलोक दुबे ने कहा कि एसईसीएल को यदि सांसद द्वारा पत्र लिखा जाए तो वे टैंकर उपलब्ध करा सकते है। बैठक में सांसद ने कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में किसी भी कार्य के लिए घोषणा नहीं की है लेकिन जो भी जिम्मेदारी मिलती है उसे जरूर पूरा करता हूं। उन्होंने कहा कि जहां से भी व्यवस्था होगी मांगों को पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि वे सदन से जाते ही एसईसीएल को पत्र लिखकर पानी टंकी की आवश्यकता से अवगत कराएंगे। वहीं उन्होंने शहर के रिंग रोड, लोनिवि और एनएच की सड़कों के लिए राशि स्वीकृत कराने हेतु पहल कराने का आश्वासन दिया।

### पार्षदों की होगी कार्यशाला

प्रश्न काल के दौरान वरिष्ठ पार्षद आलोक दुबे ने कहा कि सदन में कई पार्षद पहली बार चुनकर आए है। इनमें से कई पार्षद युवा है। सामान्य सभा में कई पार्षदों ने 4 से 5 पेज के प्रश्न लगाए है तो कई पार्षदों ने 42-43 प्रश्न लगा दिए है जबकि सदन में एक बार में पार्षद दो सवाल ही लगा सकते है। इसलिए जरुरी है कि नए पार्षदों को वरिष्ठ पार्षदों और अधिकारियों द्वारा इस सम्बन्ध में एक कार्यशाला कर जानकारी प्रदान की जाए। इसपर सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने सहमति जताई जिसके बाद सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने पार्षदों की कार्यशाला कराने का आदेश दिया। इसके साथ ही आलोक दुबे ने कहा कि सदन में लगाए गए सवालों का जवाब लिखित रूप से पार्षदों को उपलब्ध नहीं कराया गया है जिससे वे सप्लीमेंट्री सवाल कर सके। इसपर सभापति ने समय पार्षदों के सवालों का उत्तर लिखित रूप में उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### माता राजमोहिनी देवी भवन तोड़ने का विरोध

सदन में बैठक के दौरान माता राजमोहिनीदेवी भवन को तोड़कर उसके स्थान पर 20 करोड़ की लागत से 1 हजार सीटर ऑडिटोरियम निर्माण करने का प्रस्ताव रखा गया जिसपर विपक्ष ने अपनी आपात्ति दर्ज कराई। बैठक में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि विपक्ष राजमोहिनीदेवी भवन को तोड़ने के पक्ष में नहीं है। ऐसा इसलिए क्यों कि यह भवन लोगों को सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए बेहद रियायती दर पर उपलब्ध होता है। इस भवन का मरम्मत कार्य भी कराया गया है इस लिए भवन के जर्जर होने का भी सवाल नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि शहर में सरगवां, वार्ड नम्बर 1 व टीपी नगर सहित अन्य स्थानों पर जमीन उपलब्ध है और यदि सदन चाहे तो महापौर और सभापति के नेतृत्व में सभी जाकर स्थल का चयन कर सकते है लेकिन इस भवन को तोडना उचित नहीं होगा। ऐसे में इस विषय पर आगामी पांच दिनों में दोनों दलों की बैठक करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही गर्मी में पानी सप्लाई की समस्या, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य विषयों पर भी बैठक कर चर्चा करने का निर्णय लिया गया।

### विपक्ष ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, बाद में हुआ माने



नगर निगम के भाजपा सरकार की पहली सामान्य सभा में विपक्षी दल के पार्षद काली पट्टी लगाकर सदन में पहुंचे थे। चुनाव जीतने के बाद महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा था कि नगर निगम के विगत 10 वर्ष के कार्यकाल में निगम में अशुद्धियां फैल गई है। इन अशुद्धियों को दूर करने के लिये वे कुंभ से लाए गए गंगा जल का छिडकाव निगम में करेंगी। उन्होंने कहा था कि वे निगम की पहली हिंदू महापौर हैं। महापौर के इसी बयान को लेकर विपक्ष ने अपनी आपत्ति पूर्व में भी दर्ज कराई थी और सोमवार को सदन में भी इसी बयान को लेकर वे काली पट्टी लगाकर विरोध जता रहे थे। इसे लेकर ननि के नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि महापौर का व्यवहार सबके प्रति अच्छा है लेकिन वे यह स्पष्ट करें कि उन्होंने यह बयान चूक वश दिया था या फिर जानबूझकर। जब तक वे माफी नहीं मांगती है विपक्ष हर बार सदन में काली पट्टी लगाकर आएगा। आस्था का सम्मान है लेकिन इस बायान का आस्था से कोई संबंध नहीं था। इसपर महापौर श्रीमती भगत ने स्पष्ट किया कि हिन्दू धर्म में शुभ कार्य से पहले पूजा पाठ और गंगाजल का छिडकाव किया जाता है। मेरा किसी को आहत करने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस तरह का कभी कोई बयान नहीं दिया और किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाना चाहती थी। मेयर के इस बयान के बाद विपक्ष ने भी अपना विरोध समाप्त किया और काली पट्टी उतार दी।

### प्लेसमेंट के कर्मचारी कर रहे अधिकारियों के घर काम

सामान्य सभा की सदन में प्लेसमेंट कर्मचारियों का मुद्दा उठाया गया। पार्षद आलोक दुबे, नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद द्वारा इसी संबंध में सवाल लगाए गए थे। आलोक दुबे ने आरोप लगाया कि निगम के प्लेसमेंट कर्मी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के यहां गाड़ी धोने, सब्जी लाने, बच्चों को स्कूल लाने ले जाने का काम कर रहे है और उनका वेतन नगर निगम से जा रहा है। इस परिपाटी के कारण निगम व जनता के टैक्स के पैसों का सदुपयोग नहीं हो रहा है। बताया गया कि निगम में लोनिवि में प्लेसमेंट के 59, उद्यानिकी में 39 स्वास्थ्य में 104 सहित एनी विभागों में कुल 343 पेल्सेम्न्त कर्मचारी काम कर रहे है और यदि हर कर्मचारी को 10 हजार रूपए भी वेतन दिया जा रहा है तो यह 35 लाख से अधिक होता है। इस मामले की जांच कर कसावट लाने की जरूरत है। इसपर महापौर और सभापति ने प्लेसमेंट कर्मचारियों की जांच कराने और कर्मचारियों से निगम का काम लेने के निर्देश दिए।

### नियमित कर्मचारियों के लिए भेजेंगे प्रस्ताव

बैठक में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने सवाल लगाया था कि निगम में कितने नियमित कर्मचारी काम कर रहे है। सवाल के विरुद्ध निगम से जवाब आया कि विभिन्न विभागों में 219 कर्मचारी काम कर रहे है। इसपर शफी अहमद ने कहा कि हमारे पार्षदों को इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि निगम में कितने कर्मचारी किस किस विभाग में प्लेसमेंट और नियमित रूप से काम कर रहे है। इसके साथ ही वर्तमान में ज्यादातर विभाग प्रभारी अधिकारियों के भरोसे है। इसलिए जरूरत है कि सदन से नियमित कर्मचारियों की पदस्थापना के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा जाए जिससे निगम के काम में तेजी आएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निगम में किसी भी कार्य के लिए राशि लाने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाकर प्रस्ताव भेजा जाए। निगम के विकास के लिए विपक्ष भी सत्ता पक्ष का भरपूर सहयोग करेगा। इस पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई।

### स्ट्रीट लाईट बंद होने से समस्या, पार्षद देंगे राशि

बैठक में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा ई शहर में स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था बिगड़ गई है। एलईडी ब्लड सुधार करने के लिए निगम के पास सामग्री नहीं है जबकि पूर्व में यह व्यवस्था थी कि छोटे मोटे मरम्मत कार्यों के लिए पार्षदों के पास 5-5 लाख रूपए का प्रावधान होता था। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को फिर से लागू किया जाना चाहिए। इसके साथ ही आश्रय शुल्क के 2 करोड़ 65 लाख की राशि का उपयोग भी मरम्मत कार्य में किया जा सकता है। इसपर महापौर ने सुझाव का स्वागत किया और बताया कि विद्युत समस्या के लिए खरीदी चल रही है। सभापति श्री टिन्नी ने कहा कि पहले पार्षद मद में एलईडी के लिए राशि देने का प्रावधान था लेकिन बाद में इसे ट्रांसफार्मर के लिए कर दिया गया। यदि एक पार्षद ट्रांसफार्मर के लिए राशि देता है तो उसके पार्षद मद की पूरी राशि ही खत्म हो जाएगी। इसपर लोनिवि प्रभारी मनीष सिंह ने सुझाव दिया कि एक बार से एलईडी के लिए 50 -50 हजार पार्षद मद से देने हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजा जाए।

### चैरिटेबल संस्थान की आड़ में हो रहा व्यवसाय

बैठक में पार्षद मनोज गुप्ता, शैलेश सिंह, आलोक दुबे ने सवाल उठाया कि शहर में बड़ी संख्या में ऐसे मिशनरी संस्थान, स्कूल है जो चैरिटेबल संस्था के नाम पर सम्पतीकर से छूट पा रहे है लेकिन इसके आड़ में व्यवसाय हो रहा है और इन संस्थान के बड़े बड़े भवन बन गए है। इसके साथ ही नमनाकला में निष्कलंक आश्रम द्वारा लीज में जमीन ली गई थी। लीज की अवधि समाप्त होने के बाद भी व्यावसायिक उपयोग कर लाखों की कमाई की जा रही है। चैरिटेबल संस्था के नाम पर स्कूल प्रबंधन द्वारा संपत्ति कर से छूट ले ली गई है। इसपर नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने भी सहमति जताई और मामले में नगर पालिका अधिनियम के तहत मामले की जांच करने की मांग की और जो लोग नियम के विरुद्ध संचालन कर रहे है उन पर कार्रवाई करने की मांग की। बैठक में निगम के पक्ष विपक्ष के दो दो पार्षदों और निगम अधिकारियों की समिति बनाकर जांच करने का निर्देश महापौर के साथ ही सभापति ने दिया।

### खबर संक्षेप

#### नीट परीक्षा 4 मई को, शामिल होंगे 4426 परीक्षार्थी

**अंबिकापुर।** नीट की परीक्षा हेतु जिले में तैयारियां शुरू कर दी गई है। 4 मई को होने वाली नीट की परीक्षा को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेने के साथ आवश्यक निर्देश दिए। बता दें कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा का आयोजन आगामी 4 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिले में नीट परीक्षा के सफल, पारदर्शी और निष्पक्ष संचालन हेतु परीक्षा केंद्राध्यक्षों, प्राचार्यों और पुलिस विभाग की बैठक ली। बैठक में सभी केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा पूर्व सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बताया गया कि परीक्षा हेतु जिले में कुल 11 परीक्षा केंद्रों में 4426 परीक्षार्थी देंगे। परीक्षा हेतु पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, राजमोहिनी देवी गर्ल्स पीजी कॉलेज, राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, शासकीय मल्टीपरपज हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कन्या शिक्षा परिसर, सैनिक स्कूल, गवर्नमेंट नगर पालिका निगम स्कूल, राजमोहिनी देवी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, अजीरमा, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खलिबा में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस दौरान अपर कलेक्टर राम सिंह ठाकुर, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, एसडीएम फागेश सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा नोडल अधिकारी डीएस उइके, ड़ीईओ एके सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

#### तीसरे चरण में समाधान शिविर 5 मई से

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश स्तर पर सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। जिले में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक सुशासन तिहार के पहले चरण में आमजनों से शिकायतों, मांग एवं समस्याओं से सम्बंधित आवेदन लिए गए। इसके पश्चात 12 अप्रैल से शुरू दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों के संबंधित विभाग द्वारा निराकरण की कार्यवाही की जा रही है, यह कार्य 4 मई तक जारी रहेगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन कर संवाद से समाधान किए जाएंगे। इस दौरान जिले में सभी विकासखण्डों में निर्धारित ग्राम पंचायत में समाधान शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें सुशासन तिहार-2025 अंतर्गत आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी जाएगी, साथ ही शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी और हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदन पत्र-प्रपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

## 78 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ दो गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए गए अभियान में गांधीनगर पुलिस ने दो अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई कर दो युवकों से 78 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने डिगमा निवासी 21 वर्षीय युवक को हिरासत में लेकर उसके पास से 38 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। वहीं पेट्रोलिंग के दौरान गोधानपुर वर्मा बाड़ी रोड के समीप एक युवक प्लास्टिक बैग लेकर घूम रहा था। जब पुलिस ने युवक को रोककर पूछताछ की तो वह भागने लगा। ऐसे में पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को हिरासत में लिया। पकड़े गए युवक की पहचान गांधीनगर निवासी 19 वर्षीय सतीश दास आ. महेश दास के पास से 40 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। पुलिस ने दोनों मामलों में कुल 78 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किया है जिसकी कीमत 78 हजार रूपए आंकी गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर गौरव कुमार पाण्डेय, उनि नवल दुबे, सउनि राकेश मिश्रा, बीरेंद्र कुजूर, आरक्षक दीनदयाल सिंह, जितेंद्र मिश्रा, बृजेश राय, अतुल सिंह, अरविन्द उपाध्याय, ऋषभ सिंह, केवल साहू सक्रिय रहे।

## नेटवर्क मार्केटिंग करने वाले व्याख्याता के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा

**अंबिकापुर।** शासकीय सेवा में होने के बाद भी एक शिक्षक को नेटवर्क मार्केटिंग का व्यवसाय करना अब महंगा पड़ने वाला है। मामले में युवक की शिकायत की जांच के बाद संयुक्त संचालक शिक्षा ने मामले की जांच बीईओ से कराई और जांच में शिकायत की पुष्टि हुई है। जांच के बाद अब व्याख्याता पर कार्रवाई को लेकर पत्र संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को भेजा गया है।

- जेडी शिक्षा ने जांच के बाद संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को लिखा पत्र

बताया जा रहा है कि जिले के लुंड्रा विकासखंड के लमगांव स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता अहमद अली द्वारा शासकीय शिक्षक होते हुए नेटवर्क मार्केटिंग का व्यवसाय किए जाने की शिकायत शहर के मायापुर निवासी फैजान अहमद अंसारी ने की थी। इस शिकायत की जांच हेतु संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा बतौली बीईओ को जिम्मेदारी दी गई थी। बीईओ बतौली द्वारा इस मामले की जांच की गई और लगभग 250 पन्नों की जांच प्रतिवेदन में इस बार की पुष्टि हुई है कि व्याख्याता अहमद अली द्वारा नेटवर्क मार्केटिंग कर शासकीय सेवा के बाद भी आय अर्जित किया जा रहा है। सरकार के नियोजन के दौरान व्यापार करने की शिकायत की पुष्टि होने पर इसे सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के नियम 3 एवं नियम 16(1) के विपरीत माना गया है। यही वजह है कि संयुक्त संचालक शिक्षा ने दोषी व्याख्याता के खिलाफ कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन बनाकर संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर भेजा गया है। बताया जा रहा है कि इस मामले में व्याख्याता के खिलाफ सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जा सकती है।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस , इनसेट में मृतिका।

## बृजनगर के जंगल में प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सोमवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना ग्राम बृजनगर के जंगल में सामने आई है, जहां एक प्रेमी युगल का शव एक ही दुपट्टे से बंधा हुआ एक पेड़ पर फांसी पर लटका मिला है। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्रेमी युगल के शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस ने हर पहलू से जांच प्रारंभ कर दी है।

- पेड़ पर एक ही दुपट्टे से फंदा लगा शव मिला लटका हुआ
- लटोरी पुलिस हर पहलु पर कर रही जांच

लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम बृजनगर निवासी 20 वर्षीय छोटू सिंह पिता बली सिंह गोंड द्वारा चार दिन पूर्व अपनी प्रेमिका को घर में लाकर रखा था। इसके पश्चात दोनों प्रेमी युगल गत दिनों 26 अप्रैल को घर से पैदल ही निकले थे, जिनका शव सोमवार को घर से करीब दो किलोमीटर दूर घाघीकोन्हा जंगल में एक पेड़ में एक ही दुपट्टे में लटकता हुआ पाया गया है। मामले की सूचना सरपंच द्वारा तत्काल पुलिस को दी गई, जिस पर जयनगर टीआई नरेंद्र कुमार सिंह, लटोरी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता व फॉरेंसिंक एक्सपर्ड कुलदीप कुजूर तत्काल दलबल के साथ मौके पर पहुंच शव का पंचनामा करने उपरांत पीएम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लटोरी को भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

पुलिस ने परिजन के हवाले से बताया कि युवती के घर में आने उपरांत काफी पूछताछ की गई थी लेकिन युवती ने अपना परिचय नहीं बताया था, जिस वजह से अब उसकी शिनाख्ति में काफी दिक्कत उठानी पड़ रही है।

### भीषण गर्मी से मिली राहत, 8.6 डिग्री तक तापमान में गिरावट

## विक्षोभ के प्रभाव से बदला मौसम, उदयपुर में ओला गिरने के साथ हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण की सक्रियता के बाद भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है। मौसम में हुए बदलाव के बाद 8.6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं आने वाले कुछ दिनों तक इसी तरह धूल भरी आंधी, गरज चमक के साथ बारिश और ओला वृष्टि की संभावना जताई जा रही है जबकि 2 मई को पश्चिमी हिमालयन क्षेत्र में एक और विक्षोभ सक्रिय होने से फिर से तापमान में गिरावट होगी। इस बीच उदयपुर क्षेत्र में जमकर बारिश और ओलावृष्टि हुई है।



बता दें कि अप्रैल महीने में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। इस दौरान अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री तक पहुंच गया था। तापमान में वृद्धि से शहर सहित जिलेभर की सड़कें दोपहर में सूनी हो जा रही थी। गर्मी से लोगों का हाल बेहाल था लेकिन विगत तीन दिनों से मौसम में अचानक हुए बदलाव से तापमान में गिरावट का दौर जारी है। शनिवार को जहां अधिकतम तापमान 40. 6 डिग्री दर्ज किया गया था वहीं रविवार को तापमान घटकर सीधे 36.2 डिग्री पर पहुंच गया था। वहीं सोमवार को सुबह से ही आसमान में बदल छाए रहे इसके साथ ही लखनपुर, उदयपुर के साथ ही आस पास के क्षेत्र व पड़ोसी जिलों में बारिश का सिलसिला जारी रहा। आस पास के क्षेत्रों में हुई बारिश से सुबह से ही ठंडी हवाएं चल रही थी और यही वजह है कि तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार को अधिकतम तापमान घटकर 32.2 और न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके साथ ही सोमवार को जिले के उदयपुर और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही रुक रुक कर मुसलाधार बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी है। मौसम में हुए इस बदलाव को लेकर मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि राजस्थान से महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ से केरल तक द्रोणिका का प्रभाव है। इसके साथ ही आसाम, बांग्लादेश, राजस्थान में चक्रवाती परिसंचरण है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से अगले दो दिनों तक धूलभरी आंधी, गरज चमक के साथ बारिश होने होगी इसके साथ ही ओलावृष्टि की संभावना है। वहीं 2 मई को पश्चिमी हिमालयन क्षेत्र में एक और विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिससे आने वाले दिनों में फिर से मौसम में बदलाव होगा। ऐसे में फिलहाल इस हफ्ते लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### पांचवी-आठवीं का परिणाम कल

**बैकुण्ठपुर।** केन्द्रीयकृत पांचवी एवं आठवीं कक्षा के अलावा स्थानीय स्तर की कक्षाओं का परीक्षा परिणाम कल 30 अपै्रल को जारी किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पांचवी एवं आठवी की इस बार केन्द्रीयकृत परीक्षा का आयोजन किया गया था और कापियों का मूल्यांकन विकासखंड़ बदलकर कराया गया था। उक्त दोनों कक्षाओं का अंकसूची संबंधित विद्यालयों के प्रधान पाठक के जिम्मे वितरण करने के लिए दिया जाएगा। वहीं स्थानीय स्तर के अन्य कक्षाओं के परीक्षा परिणाम भी कल 30 अप्रैल को जारी किया जाएगा। इस तरह अप्रैल माह के अंतिम दिन विद्यालयों में चहल-पहल देखने को मिलेगा।

### पीपीटी प्रवेश परीक्षा प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट 1 को

**मनेन्द्रगढ़।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 1 मई गुरूवार को प्री-पॉलीटेक्निक (पीपीटी 2025) प्रवेश परीक्षा प्रातः 9 से 12:15 बजे तक जिले के 2 परीक्षा केन्द्रों क्रमशः शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ तथा बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होना नियत है। अतएव उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए निम्नानुसार दिशा-निर्देश जारी किया जाता है। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हो, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केन्द्र में जाने के लिए अनुमति दी जा सके।

### शिक्षिका मीना हुई सम्मानित

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक की शिक्षिका मीना जायसवाल को एफएनएल सहायक नवाजतन वारियर्स के रूप में चयनित किया गया है। सम्मान समारोह में उप संचालक लोक शिक्षण योगेश शिवहरे, प्रोजेक्ट प्रभारी सुनील मिश्रा, परियोजना अधिकारी दीपेश पुरोहित, जिले की कोर टीम के सदस्य रूद्र प्रताप राणा, खुशबू दास तथा रूम टू रीच संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्य के कैबिनेट मंत्री द्वारा मीना जायसवाल को सम्मानित किया गया।

### नेत्र रोगियों को बांटे गए फल

**मनेन्द्रगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में मोतियाबिंद ऑपरेशन के पश्चात भर्ती नेत्र रोगियों के बीच फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक नेत्र अधिकारी आरडी दीवान एवं समाजसेवी तथा पतंजलि योग समिति के संरक्षक ठाकुर प्रसाद केसरी ने किया। कार्यक्रम में महिला पतंजलि योग समिति की प्रभारी बलबीर कौर, वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय, योग साधक कविता मंगतानी, पिंकी सलूजा, कल्पना सिंह राजपूत, जसवीर सिंह रैना, राकेश अग्रवाल, जगदंबा अग्रवाल, रामसेवक विश्वकर्मा, अर्चना सेजपाल, विवेक तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर सहायक नेत्र अधिकारी ने कहा कि समिति केवल योग एवं प्राणायाम के प्रचार-प्रसार तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा कार्यों, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक कल्याण के कार्यों में भी योगदान देती है।



### सारथी अवार्ड से पम्मी सम्मानित

**मनेन्द्रगढ़।** द एसोसिएशन ऑफ द वी क्लब ऑफ इंडिया 323-जी -3 अपराजिता की डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस स्पंदन अलंकरण समारोह में एरिया 1 की एरिया ऑफिसर पम्मी अरोड़ा को उत्कृष्ट गतिविधियों एवं सेवा कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ एरिया अफिसर तेजस्विनी आफ द सविताली एवं सर्वश्रेष्ठ सहयोगी सारथी अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस डिस्ट्रिक्ट के अंतर्गत छग एवं मध्यप्रदेश के 32 क्लब आते हैं। वर्ष 2024-25 की गतिविधियों के आधार पर किए गए उत्कृष्ट कार्यों एवं समाज सेवा गतिविधियों के मूल्यांकन के पश्चात यह पुरस्कार दिया गया।



आए आंधी ने वृक्ष इस तरह हो गए धराशायी।

### तापमान में गिरावट गर्मी से थोड़ी राहत

कोरिया जिले में मौसम में बदलाव आने के बाद करीब 10 डिग्री तक तापमान में गिरावट हुई, जिससे भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली। रविवार एवं सोमवार को तापमान लुढ़क कर करीब 35 तक आ पहुंची। इस दौरान आसमान में बादलों के छाए रहने एवं तापमान कम होने से गर्मी से राहत लोगों को मिली। उल्लेखनीय है कि अप्रैरल माह के तीसरे सप्ताह के शुरूआत में तापमान 45 तक पहुंच गया था और लू के हालात बनने लगे थे कि अचानक मौसम में बदलाव से तापमान कमी हो गई।

# आंधी-पानी ने बरपाया कहर, गिरे पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मौसम के मिजाज में आए बदलाव के कारण अप्रैल माह के अंतिम दौर में बे-मौसम बारिश के साथ कई जगहों पर बूंदाबांदी हुई, इसके चलते तापमान में गिरावट हुई, जिससे कि गर्मी से थोड़ी राहत मिल गई।

सोमवार को सुबह से ही मौसम खुशनुमा बना रहा और हल्के बादल आसमान में छाए रहे, इसी बीच जिले के कुछ क्षेत्रों में पानी की बड़ी-बड़ी बूंदे गिरने लगी, कहीं हल्की बूंदाबांदी हुई तो कहीं पर तेज बौछार पड़ी। जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह करीब 10 बजे के लगभग जिले के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई व बारिश के साथ ओले भी गिरे। वहीं जिले के कई क्षेत्र ऐसे रहे, जहां केवल बूंदाबांदी होकर थम गई। जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर जनपद के छरछा बस्ती व आस-पास के क्षेत्र में कुछ मिनट की हल्की बारिश हुई बारिश के साथ ओले भी गिरे, यह बारिश शहर सीमा तक रही, जबकि शहर में बारिश का अता-पता नहीं रहा, केवल बूंदाबांदी होकर थम गई। इस तरह जिले में दूसरे दिन भी बे मौसम बारिश कई क्षेत्रों में हुई। इसके एक दिन पूर्व रविवार को अपरान्ह बाद जिलेभर में तेज आंधी का दौर चला साथ ही कई क्षेत्रों में हल्की बारिश के साथ कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई। इस दौरान कई क्षेत्रों में पेड़ों के डंगाल भी गिरे।

**जनजीवन प्रभावित, बदले मौसम का असर सेहत पर**



हो रही बारिश से भीगी सड़क।



धरना प्रदर्शन करते ठेका श्रमिक।

# ठेका श्रमिकों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोयला श्रमिक संघ (सीटू) के नेतृत्व में 28 अप्रैल को सैकड़ों ठेका श्रमिकों ने एसईसीएल बैकुंठपुर मुख्यालय का दिनभर घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।

सीटू के लाल झंडे तले एकजुट हुए श्रमिकों के समर्थन में स्थायी कर्मचारी भी धरना स्थल पर डटे रहे।

- एसईसीएल घेराव का सीटू ने किया नेतृत्व

धरने को संबोधित करते हुए सीटू के क्षेत्रीय सचिव इंद्रदेव चौहान ने बताया कि ठेका श्रमिकों का शोषण आज भी जारी है।

एचपीसी की सिफारिशें जारी हुए 12 वर्ष बीत जाने के बावजूद उसे पूर्णरूप से लागू नहीं किया गया है। श्रमिकों को न तो निश्चित तिथि पर वेतन दिया जाता है और न ही मासिक भुगतान की गारंटी है। श्री चौहान ने बताया कि संघ द्वारा प्रबंधन को 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया है। यदि मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया, तो कंपनी स्तर पर समस्त ठेका श्रमिकों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में बैकुंठपुर क्षेत्र की विभिन्न इकाइयों से आए ठेका श्रमिकों और सीटू कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। धरने को क्षेत्रीय पदाधिकारियों रमन कुमार सिंह, दिलीप पासवान, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, वंशगोपाल सिंह, विनोद गुप्ता, राजाराम जाता, रमेश जनता, उदय नारायण ठाकुर, मानिकचंद और बलजिंदर सिंह ने संबोधित किया। संघ ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## रेलवे मनोरंजन सदन में टैलेंट हंट शो, प्रतिभाओं ने बिखेरी चमक



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। आवश्यकता है केवल एक मंच और सही प्रोत्साहन की। आइए, हम सब मिलकर नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर दें, उनका हौसला बढ़ाएं और उनके उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करें। एक छोटी-सी सराहना, एक बड़ा परिवर्तन ला सकती है।

उक्ताशय के उदगार बिलासपुर मंडल के तत्वावधान में रेलवे मनोरंजन सदन मनेन्द्रगढ़ में टैलेंट हंट शो के अवसर पर राजेश खोबरागड़े व्यक्त कर रहे थे। टैलेंट हट का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

## नशीली कैप्सूल की तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** जिले में अवैध नशीली दवाईयों की तस्करी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी पटना पुलिस ने की है। 26 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बसवाही निवासी राजेश गुप्ता के द्वारा उत्तरप्रदेश से लाकर मोटर सायकल से नशीली दवा कैप्सुल करहियाखाड़ का विजय कुमार तथा गिरजापुर का सकील खान को बेचने के लिए मुरमा रोड किनारे खंडहरनुमा मकान के आसपास सुनसान स्थान पर आने वाला है। इस सूचना पर विशेष टीम के प्रभारी निरीक्षक विनोद पासवान एवं स्टाफ द्वारा पटना क्षेत्रांतर्गत मुरमा रोड में घेराबंदी किया गया, इस दौरान नशीली दवाईयां जब्त की गई। आरोपी के विरूद्ध थाना पटना में अपराध क्रमांक 97/25 धारा 22(बी), 22(सी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है।



## चरचा कॉलरी से एनएच-43 तक जाने वाला मुख्य मार्ग बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा से जिला मुख्यालय तक पहुंचने वाले मुख्य मार्ग एनएच-43 को रेलवे ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य के चलते बीते एक सप्ताह से बंद कर दिया गया है।

मार्ग बंद होने से आमजन सहित व्यापारी वर्ग को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग अवरुद्ध होने के चलते छोटे-बड़े सभी वाहनों को छठघाट के संकरे रास्ते से आवागमन करना पड़ रहा है, इससे पुल पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है और लोगों को आशंका है कि कहीं पुल क्षतिग्रस्त न हो जाए। वहीं एसईसीएल साइडिंग प्वाइंट से कोयला लोड होने के बाद भारी ट्रेलर भी इसी वैकल्पिक मार्ग से आवाजाही कर रहे हैं, जिससे समस्या और बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि रेलवे ठेकेदार ने बिना पूर्व सूचना दिए मार्ग को बंद कर दिया, जिससे आम जनता को वैकल्पिक व्यवस्था के बिना ही परेशान होना पड़ रहा है। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द मरम्मत कार्य पूरा कर मुख्य मार्ग को चालू कराया जाए। जनता ने स्थानीय प्रशासन से भी तत्काल हस्तक्षेप कर मार्ग को शीघ्र खुलवाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान आम जनता की सुविधा का भी ध्यान रखा जाना चाहिए था। अब सबकी निगाहें ठेकेदार और प्रशासन पर टिकी हैं कि वे कब तक राहत प्रदान कर पाते हैं।



## किसानों को वर्षों से लंबित समस्याओं से मिली मुक्ति

**बैकुण्ठपुर।** छग सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार ने कोरिया जिले के ग्रामीणों और किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है। विदित हो कि 8 से 11 अप्रैल के बीच सुशासन तिहार के पहले चरण में समस्या, शिकायत व मांग से संबंधित आवेदन लिया गया था।

अब दूसरे चरण में प्राप्त इन आवेदनों का समाधान द्रुतगति से किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण जनता ने सरकार की कार्यशैली पर भरोसा जताया है। ग्राम मेको के निवासी सूरज प्रसाद, निकेश कुमार और दिनेश कुमार के आवेदन पर भी त्वरित कार्रवाई करते हुए किसान किताबें वितरित की गइ्ं। पोड़ी बचरा तहसील के विभिन्न गांवों के किसानों को किसान पुस्तिका उपलब्ध कराई गई। ग्राम पंचायत तेंदुआ निवासी मानिकचंद द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती राजकुमारी के नाम पर खसरा नंबर 2081/1 को ऑनलाइन दर्ज किया गया। इसी प्रकार, चिरमी और उरूमदुगा गांव के बुद्धू सिंह की भूमि का सीमांकन कर राजस्व रिकॉर्ड में सुधार किया गया। प्रशासन द्वारा आवेदकों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर कार्य की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि शासन के निर्देश के तहत जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, उसका यथा समय समाधान की कार्रवाई की जा रही है साथ ही आवेदकों सूचित भी किया जा रहा है।



### वाटर फिल्टर सुधारने का कार्य जारी

बैकुण्ठपुर। शहर में बंद वाटर फिल्टर को शुरु करने का कार्य जारी हो गया है। हरिभूमि में खबर के प्रकाशन के बाद नगर पालिका प्रशासन ने शहर के बंद पड़े वाटर फिल्टरों की मरम्मत शुरू कर दी है। नगर पालिका के कर्मचारी सोमवार सुबह से ही विभिन्न चौकों और सार्वजनिक स्थलों पर बंद पड़े वाटर कूलर और फिल्टरों की जांच करते नजर आए। कई स्थानों पर बिजली कनेक्शन दुरुस्त किया जा रहा है, तो कहीं मोटर और कंप्रेसर की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। नगर पालिका के सीएमओ संजय दुबे ने बताया कि अगले 2 से 3 दिनों के भीतर सभी वाटर फिल्टर चालू कर दिए जाएंगे ,ताकि भीषण गर्मी में लोगों को स्वच्छ और ठंडा पानी उपलब्ध हो सके।

### डीएमएफ से विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

**बैकुण्ठपुर।** 28 अप्रैल छग शासन की लोकहितकारी पहल सुशासन तिहार के प्रथम चरण (8 अप्रैल से 11 अप्रैल) के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों से प्राप्त आवेदनों पर जिला प्रशासन कोरिया द्वारा तत्परता से कार्रवाई की जा रही है। आम नागरिकों की समस्याओं और मांगों के त्वरित निराकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी कड़ी में विकासखंड़ सोनहत के ग्राम पंचायत आनंदपुर निवासी जय भारत सिंह द्वारा समाधान शिविर में प्रस्तुत की गई दो महत्वपूर्ण मांगों का द्रुत गति से समाधान किया गया। ग्राम धनपुर से आनंदपुर मार्ग पर एप्रोच सीसी सड़क निर्माण कार्य तथा प्राथमिक/माध्यमिक शाला गोयनी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की मांग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ था। इन दोनों मांगों को जिला खनिज न्यास संस्थान मद के अंतर्गत स्वीकृत कर प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। ग्राम पंचायत आनंदपुर में धनपुर-आनंदपुर मार्ग पर एप्रोच सीसी सड़क निर्माण तथा प्राथमिक शाला धनपुर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। इन मांगों के शीघ्र समाधान से ग्रामवासियों में शासन- प्रशासन के प्रति विश्वास, संतोष एवं उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ है। सुशासन तिहार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक शासन की योजनाओं और सेवाओं को पारदर्शी एवं त्वरित रूप से पहुंचाना है और यह पहल जनसरोकारों को प्राथमिकता देने की दिशा में एक सफल उदाहरण बन रही है। जय भारत सिंह सहित ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया है।

## सुशासन तिहार : विकलांग को मिला राशन कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नगर पालिका शिवपुर चरचा में एक सराहनीय पहल करते हुए विकलांग व्यक्ति को मात्र दो दिनों में राशन कार्ड उपलब्ध कराया गया।

जानकारी के अनुसार विकलांग व्यक्ति रविकांत पिता चंद्रिका ने नगर पालिका परिषद में राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन मिलने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल और मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा के नेतृत्व में प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात दो दिनों के भीतर नवीन राशन कार्ड प्रदान कर दिया। इस कार्य में उप अभियंता आलोक चक्रधारी, सहायक राजस्व निरीक्षक महेश्वरी पैकरा, सहायक ग्रेड 2 शशिभूषण श्रीवास्तव, महेन्द्र पाल, पार्षद कुंडल साय, सफाई निरीक्षक हरीश जायसवाल, सहायक ग्रेड 3 प्रवीण राजवाड़े, पुरूषोत्तम विश्वकर्मा, आरके सिंह, प्रभारी कम्प्यूटर ऑपरेटर उदय प्रसाद एवं अन्य कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही।



### आरोग्य शिविर में ग्रामीणों का परीक्षण और उपचार

**मनेन्द्रगढ़।** एकल अभियान के तत्वाधान में ग्राम सीरियाखोह में एक विशेष आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें आयुष, दंत एवं नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा ग्रामीणों का परीक्षण और उपचार किया गया। शिविर में काफी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में डॉ. पूर्णिमा सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल देते हुए दिनचर्या, संतुलित आहार, स्वच्छता और नशामुक्ति के महत्व के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने निरोगी जीवन के लिए नियमित जांच और सतर्कता बरतने की भी सलाह दी। एकल अभियान की कार्यकर्ता सीमा सिंह ने भविष्य में भी दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में इस प्रकार के शिविर लगाकर सतत उपचार एवं जनजागरण अभियान को जारी रखने की बात कही।

**लग्न के लिए सजकर तैयार हुआ शहर का बाजार**

# अक्षय तृतीया कल, जमकर गूंजेंगी शहनाइयां

खरमास समाप्त होने के बाद शुभ मुहूर्त में विवाह कार्य संपन्न हो रहे हैं। इसी बीच 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया मनाया जाएगा। इस दिन विवाह के लिए सबसे शुभ मुहूर्त होता है, साथ ही इस दिन को अबुझ मुहूर्त भी माना गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

यही कारण है कि अक्षय तृतीया के दिन जमकर विवाह संपन्न कराए जाते हैं। इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त में जमकर विवाह संपन्न कराए जाएंगे।

इस अवसर पर सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह संपन्न कराए जाते हैं। यही कारण है कि प्रशासन भी इस दिन के विवाह को लेकर अलर्ट रहता है कि कही किसी नाबालिक का विवाह तो नहीं हो रहा। जानकारी के अनुसार अक्षय तृतीया को प्रदेश में अक्ति पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन ठंडा पानी, गुड़, सत्तु आम आदि का उपयोग करने के पूर्व दान किया जाता है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में इस दिन मिट्टी के गुड्ड़े गुड़ियों का विवाह संपन्न कराने की परंपरा चली आ रही है, जिसे बच्चों के माध्यम से निभाई जाती है, ताकि बच्चे विवाह का महत्व समझ सके।



### वैवाहिक सामानों की खरीदी में जुटे लोग

वैसे तो 14 अप्रैरल के बाद से विवाह के कई मुर्हूत निकल गए, जिनमें विवाह कार्य संपन्न कराए गए, लेकिन इसी माह के अंत में कल 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया विशेष मुर्हूत पर शादी संपन्न कराने के लिए कई दिनों पूर्व से बाजार में विभिन्न तरह के वैवाहिक सामग्रियों की खरीदी करने के लिए लोग शहर के बाजार में पहुंच कर कपड़ा, बर्तन, आभूषण, पूजा सामग्री सहित अन्य तरह की वैवाहिक सामग्रियों की खरीदी के लिए शहर के बाजार में पहुंचते रहे ,जिसके कारण बाजार में चहल-पहल सुबह से शाम ढलने के बाद तक देखने को मिल रही थी।

# समाधान शिविर का तीसरे चरण में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छग सरकार द्वारा प्रदेश में पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार 2025 का सफल आयोजन किया जा रहा है। इस तिहार के प्रथम चरण (8 से 11 अप्रैल) में प्राप्त आवेदनों के द्वितीय चरण में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के पश्चात अब तृतीय चरण में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री सचिवालय, मंत्रालय, रायपुर से प्राप्त पत्र के माध्यम से कोरिया जिले के विकासखंड़ बैकुंठपुर एवं सोनहत में शिविर आयोजित करने के लिए जिला एवं खंड़ स्तरीय नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी जिला स्तरीय नोडल अधिकारी होंगे, जबकि श्रीमती दीपिका नेताम अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुंठपुर, राकेश साहू, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सोनहत, खंड़ स्तरीय अधिकारी होंगे। सहायक नोडल अधिकारियों में संबंधित जनपद पंचायतों के सीईओ व तकनीकी सहायक शामिल हैं।

### समाधान शिविर की प्रमुख तिथियां व स्थल

5 मई को बंजारीडांड, 7 मई को तोलगा, 9 मई को पोंड़ी, 10 मई को कटगोड़ी,14 मई को छिंदिया, 16 मई को टेंगनी, 17 मई को अकलासरई, 19 मई को फूलपुर, 21 मई को मनसुख, 23 मई को रामगढ़, 26 मई को मोदीपारा, 28 मई को बुड़ार, 30 मई को सलगवांकला तथा 31 मई को जमगहना में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें शामिल क्लस्टर ग्राम पंचायतों के लिए तकनीकी सहायक, प्रभारी अधिकारी व संबंधित विभागों के प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। ये अधिकारी ग्राम पंचायतवार आवेदन, निराकरण की स्थिति, लंबित प्रकरण तथा हितग्राही लाभ की जानकारी संकलित करेंगे एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देंगे।

## खबर संक्षेप



### पूजा-अर्चना के बाद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने नपं कार्यालय कक्ष में किया प्रवेश

**कुसमी।** नगर पंचायत में अध्यक्ष राजेंद्र भगत व उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद विश्वकर्मा सहित नगर पंचायत के अन्य अतिथियों की उपस्थिति में पूजा अर्चना करते हुए प्रवेश किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत में अध्यक्ष राजेंद्र भगत, उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत कुसमी अरविंद विश्वकर्मा सहित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरीश मिश्रा, भाजपा मंडल जिला प्रतिनिधि संजय जायसवाल, जनपद सदस्य शंकरगढ़ विवेक प्रताप सिंहदेव, भाजपा नेता राकेश भारती, बालेश्वर राम, प्रदीप गुप्ता, विजय गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी आरईएस सुदर्शन उरांव, नितेश तिवारी, अंजू सिन्हा, पारस पाल, राजेश्वर गुप्ता, दीपिका सिंह, केरता राम, लरंग साय, संतोष राम, राकेश राम, गीता भगत, श्रवण गुप्ता, फेकू राम चंद्रावली सोनवानी, अरुण जायसवाल, दीपिका सिंह, सहित अन्य उपस्थित थे।

### वी क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन



**सूरजपुर।** वी क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। गठन वरिष्ठ अंशु गोयल एवं पूर्व अध्यक्ष वी प्रीति गुप्ता के नेतृत्व में हुई। जिसमें अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, सचिव सोनम गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीषा सोनी, उपाध्यक्ष किरण मोंगिया, सह सचिव विनीता विश्वकर्मा, सह कोषाध्यक्ष बबीता सिंह का चयन किया गया। प्रीति गुप्ता डिस्ट्रिक्ट को डिस्ट्रिक्ट माइक्रो चेयरपर्सन, विजयलक्ष्मी तिवारी, बबिता सिंह एवं मधु ओझा को डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन का दायित्व दिया गया है। इसके अलावा क्लब के सदस्य सुमन वर्मा, रंजना गुप्ता, रीता पांडे, शर्मिला तिवारी, उमा सोनी, प्रियंका ठाकुर, पिंकी विश्वकर्मा एवं कुसुमलता रजवाड़े को शामिल किया गया है। इस दौरान पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### ग्राम पंचायत पोड़ीपा को मिला नया सचिव

**सूरजपुर।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आवेदनों के त्वरित निराकरण की दिशा में जिला पंचायत सूरजपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जनपद पंचायत सूरजपुर के अंतर्गत कार्यरत रामसूरत रवि, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत मंजीरा को ग्राम पंचायत पोड़ीपा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। गौरतलब है कि ग्रामीणों के मांग कों देखते हुए ग्राम पंचायत पोड़ीपा के कार्यों को और अधिक कुशलतापूर्वक संपादित करने हेतु यह दायित्व सौंपा गया है।

## दूषित पानी नगर वासियों के लिए हो सकता है खतरनाक

# कनहर नदी का जलस्तर कम, जहरीला पदार्थ पानी में डालकर मार रहे मछली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

रामानुजगंज एनीकट के गेट खराब होने का तेजी से कनहर नदी का पानी कम हो रहा है। नदी का जलस्तर कम होने से हर रोज मछली मारने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। लोग मछली मारने के लिए जाल का उपयोग न कर पानी में जहरीला पदार्थ डालकर मछली मार रहे हैं जिससे सुबह शाम बड़ी संख्या में नदी में मछलियां मरी हुई देखी जा सकती हैं। जिस प्रकार से लगातार पानी में जहरीला पदार्थ डाला जा रहा है उससे न सिर्फ पानी दूषित हो रहा है बल्कि अब यह नगरवासियों के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है। ऐसे में इस ओर प्रशासन ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

**खास बात**

- रामानुजगंज कनहर नदी के एनीकट खराब होने से तेजी से कम हो रहा पानी

रामानुजगंज कनहर नदी स्थित एनीकट के गेट पिछले लंबे समय से खराब है। एनीकट के गेट के खराब होने से लगातार हो रहे पानी रिसाव से पानी कम होने लगा है। इधर एनीकट मे पानी कम होने से मछली मारने के लिए विगत कई दिनों से लगातार नदी जहरीला पदार्थ डाला जा रहा है जिससे कुछ देर में मछलियां मर जाती हैं एवं फिर बाद में उन्हें बिन कर ले जाते हैं। पहले जब पानी का बहाव ठीक था उस समय जहरीला पदार्थ डालने से उतना खतरनाक साबित नहीं हो पा रहा था। परंतु अब एनीकट गेट खराब होने के कारण पानी तेजी से कम हो रहा है। ऐसे में मछली मारने के लिए जहरीला पदार्थ डालने से एनीकट में ही रह जाता जिससे यह नगरवासियों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। प्रतिदिन कनहर नदी में बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के लोग स्नान करने पहुंचते हैं। ऐसे में पानी के दूषित हो जाने से यहां स्नान करने वालों को भी परेशानी हो सकती है।



नदी में डाले गए जहरीले पदार्थ से मरी मछलियां।

**पेयजल के लिए करते है उपयोग**

कनहर नदी के पानी को लिफ्ट कर नगर पालिका परिषद द्वारा पानी टंकी में जमा करके पूरे नगर में सप्लाई की जाती है। ऐसे में पानी का दूषित होना खतरनाक साबित हो सकता है। मछली मारने के लिए पानी में जहरीला पदार्थ डालने वाले बाज नहीं आ रहे हैं।

**मछली मारना पूर्णतः हो प्रतिबंधित**

मछली मारने के लिए बड़ी संख्या में लोग रात्रि 12 से सुबह तक आते रहते है। वही जगह-जगह लोग जहरीला पदार्थ डालकर मछली मार दे रहे हैं फिर कुछ देर में आकर उसे बिन ले रहे हैं। नदी में जहरीला का पदार्थ डालने का सिलसिला तब तक नहीं रुकेगा जब तक मछली मारना पूर्णता यहां प्रतिबंध नहीं होगा।

**की जाएगी कड़ी कार्रवाई**

नदी में जहरीला पदार्थ डालकर मछली मारने वालों को कई बार नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों द्वारा डांट डपट कर भगाया गया है। साथ ही पुलिस को भी जानकारी देकर कार्रवाई कराई गई है। परंतु उसके बाद भी लोग ऐसा कर रहे हैं तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।

-रमन अग्रवाल
नपा अध्यक्ष रामानुजगंज



## सड़क सुरक्षा एवं नशामुक्ति पर पीजी कॉलेज में हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा थीम पर जिला स्तरीय कार्यशाला एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ स्नेहलता श्रीवास्तव ने किया। जिला संगठक प्रो.खेमकरण अहिरवार ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ.श्रीवास्तव ने सड़क सुरक्षा का महत्व बताया एवं युवाओं को नशामुक्ति का संकल्प लेने हेतु प्रेरित किया।

तकनीकी सत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों ने सरगुजा में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े प्रस्तुत कर युवाओं को सतर्क रहने की सलाह दी। यातायात प्रभारी अश्वनी सिंह ने हेलमेट उपयोग एवं यातायात नियमों से अवगत कराया। उप निरीक्षक अभय तिवारी ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से अवगत कराया। उप निरीक्षक अभय तिवारी ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात के विविध पहलुओं की जानकारी दी। अनिल मिश्रा एवं मंगल पाण्डेय ने युवाओं को नशा से दूर रहने की सलाह दी। रासेयो समन्वयक डॉ.एसएन पाण्डेय ने युवाओं को नशा मुक्त जीवन जीने एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। तकनीकी सत्र में निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, नारा लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। निबंध में रानी सोनी, अंकित तिवारी, मनीष कुमार जायसवाल, पोस्टर प्रतियोगिता में तुषार प्रधान, गौरव, ओमप्रकाश कुजूर, नारा लेखन में रूबी गौतम, खुशी तिर्की, प्रतीक्षा भगत रंगोली प्रतियोगिता में उर्वशी सिंह, संगीता सोनवानी, ममता राजवाड़े ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान डॉ.अनिल सिन्हा, डॉ.दीपक सिंह, डॉ.कामिनी, डॉ.तृप्ति विश्वास, डॉ.विजयलक्ष्मी शास्त्री, डॉ.संगीता पाण्डेय, प्रो.सुनील केरकेट्टा सहित अन्य अध्यापक उपस्थित थे।

# नौकरी व मुआवजे की मांग को लेकर रेहर गायत्री खदान में ग्रामीणों ने की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

वर्षों से लंबित नौकरी और मुआवजे की मांगों को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सोमवार को फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए रेहर और गायत्री खदान में तालाबंदी कर दी। इस कारण दोनों खदानों में कोयला उत्पादन पूरी तरह ठप हो गया है।

- दो बार भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूर्ण होने के 28 एवं 8 वर्ष बाद भी नौकरी एवं मुआवजा नहीं दिये जाने का ग्रामीणों ने एसईसीएल प्रबंधन पर लगाए गंभीर आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के वर्षों बाद भी कई प्रभावितों को न तो रोजगार मिला और न ही उचित मुआवजा दिया गया।वे लंबे समय से एसईसीएल प्रबंधन से अपनी मांगों को लेकर पत्राचार और बैठकें करते आ रहे थे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने से उन्होंने अब आंदोलन करने का रास्ता अपनाया है।दोनों खदानों में तालाबंदी हो जाने से एसईसीएल को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों द्वारा ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत रेहर-गायत्री भूमिगत परियोजना हेतु ग्राम गेतरा की वर्ष 1996-97 एवं 2016-17 में अधिग्रहित भूमि के एवज में क्रमशः लगभग 27 एवं 8 वर्ष बीतने के बाद भी एसईसीएल प्रबंधन एवं जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण प्रभावित भूमि स्वामीयों को अब तक नौकरी एवं मुआवजा नहीं दिया गया है एवं पूर्व में वर्ष 26 फरवरी 1999 में जारी पात्रता सूची के एवज में भी एसईसीएल प्रबंधन द्वारा नौकरी नहीं दिया गया है। नौकरी और मुआवजा के अभाव में प्रभावित भूमि स्वामियों के जीवनयापन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। भूमि स्वामी नौकरी और मुआवजा के लिए दर-दर भटकने को विवश हैं।ग्रामीणों ने मांग की है कि वर्ष 1996-97 एवं वर्ष 2016-17 में अधिग्रहित भूमि के एवज में एवं पुर्व में जारी पात्रता सूची के एवज में 10 दिवस के अन्दर नौकरी और मुआवजा दोनों एक साथ प्रदान कराई जाए। ग्राम गेतरा की सरपंच द्वारा पूर्व में जिला प्रशासन व एसईसीएल प्रबंधन को दिए उक्त मांग पत्र पर कोई पहल नहीं होने पर सोमवार को ग्राम पंचायत गेतरा, पोड़ी, जोबगा, मानी के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में रेहर और गायत्री खदान में पहुँच मुख्य द्वार पर सुबह पांच बजे से ही तालाबंदी कर अपना अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है।दोनों खदान में तालाबंदी की सूचना मिलते ही सुरजपुर तहसीलदार समीर शर्मा ने मौके पर आकर ग्रामीणों को काफी समझाइश दी लेकिन ग्रामीणों ने अब तक अपना आंदोलन बरकरार रखा हूआ है। इस दौरान सुरजपुर जनपद अध्यक्ष स्वाति संत सिंह, गेतरा सरपंच करमातो बाई, उपसरपंच राधा देवांगन, भाजपा नेता संत सिंह, रामस्वरूप, परुषोत्तम, प्रताप सिंह, चैन सिंह, संजय, खेल साय, संतोष व अन्य ग्रामीणजन मौजूद हैं।



उक्त मामले में एसईसीएल के क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय कुमार सिंह का कहना है कि जिन खाता धारकों की भूमि को कम्पनी ने अधिग्रहण किया है, उन सभी को नौकरी और मुआवजा दिया जा चूका है। आंदोलनकारी जिस पात्रता सूची का हवाला दे रहे हैं, उसे शासन द्वारा पूर्व में ही निरस्त कर दिया गया है और जिसकी अपील भी नहीं हुई है। बिना किसी ठोस कारण के खदान को बंद करा शासन और कंपनी को नुकसान पहुंचाना न्याय संगत नहीं है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने बताया कि ग्रामीण शासकीय भूमि में काबिज होकर व उक्त भूमि को अपना बताकर नौकरी की मांग कर रहे हैं, इस मामले में कंपनी नौकरी और मुआवजा देने में असमर्थ है। प्राप्त जानकारी अनुसार रेहर व गायत्री खदान बंद किए जाने से अब तक 19 करोड़ रुपये की क्षति हो चुकी है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं भीम राम पिता स्व. पंचन राम, उम्र 60 वर्ष, जाति कुम्हार निवासी ग्राम-आमाटोली थाना व तहसील सीतापुर जिला-सरगुजा छ.ग. का शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं। मैं सब स्टाफ के पद पर केन्द्रीय विद्यालय जशपुर में पदस्थ हूं। मैं अपनी सेवा पुस्तिका में अपनी पत्नी का नाम रूकुमीनी अंकित है जिसे मैं आधार कार्ड के अनुसार रूकमणी देवी अंकित कराना चाहता हूं एवं पुत्र चन्द्रशेखर सिंह को आधार कार्ड के अनुसार चन्द्रशेखर अंकित कराना चाहता हूं।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
भीम राम
पिता स्व. पंचन राम
निवासी ग्राम-आमाटोली
थाना व तहसील सीतापुर
जिला-सरगुजा, छ.ग.

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अंबिकापुर।** लखनपुर के पुहपुटरा हाल मुकाम कोसंगा निवासी 33 वर्षीय महेंद्र दास आ. ज्ञान दास लखनपुर जनपद के मनरेगा शाखा में भृत्य के पद पर पदस्थ था। युवक रविवार की रात 11 बजे अपने घर की ओर जा रहा था। इस दौरान तहसील कार्यालय के समीप पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन का चालक बाइक सवार को टक्कर मारकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घायल ग्रामीण को उपचार के लिए लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार को पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता — MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा — MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा, MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर, स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS, MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम. डी. फिजीशियन
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता — MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले — MS, ENT, नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
Apollo Hospitals Bilaspur
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 04 मई 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 04 मई 2025, रविवार
समय - दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक
पुरानी रिपोर्ट अवश्य लावें गायत्री हॉस्पिटल
पीजी कॉलेज मैदान के सामने बनारस रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9752542415, 8120809000, 9424250281

डॉ हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
जनरल मेडिसिन एवं एंडोक्रिनोलॉजिस्ट (मधुमेह, थायराइड एवं हार्मोन स्पेशलिस्ट)
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के सामने, अम्बिकापुर
+919617605000, +917049985558
24x7 इमरजेंसी सेवा भर्ती, एवं आई.सी.यु. ऑपरेशन
शुगर, थायरॉइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी), अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाइफाइड, निमोनिया (फेफड़ों में इन्फेक्शन), मलेरिया
अर्थराइटिस (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UIT (पेशाब में जलन), पैरों में जलन या सूजन, अनियमित महावरी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सर में दर्द), गैस्ट्राइटिस (पेट में दर्द या जलन होना)

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रज्ञा ओझा
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा मार्केट

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 21 मई 2025 दिन - बुधवार
पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
प्रोस्टेट बढ़ जाना।
पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500, 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

AFFILIATED TO CBSE BOARD NEW DELHI
UNIQUE CONVENT HIGHER SECONDARY SCHOOL
Nursery to K.G & Class 1st to 12th
Commerce, Maths Bio & Agriculture
English Medium Co-Eduction
ADMISSION OPEN CBSE BOARD
BOARDING / HOSTEL AVAILABLE FOR BOYS & GIRLS (BEST RESIDENCE IN SURGUJA)
विशेषताएं (Ecatures)
बच्चों के संपूर्ण विकास एवं उज्जवल भविष्य के लिए सदैव तत्पर
AT.L. LAB की सुविधा
कम्प्यूटर कोडिंग क्लास (1st -10th)
प्रयोगशाला
पुस्तकालय की समुचित व्यवस्था
Contact Us
Chandani Chowk, Khairbar Road Ambikapur (C.G.), Mo. 8223020720, 6263495007

न्यूरो ओ.पी.डी. - प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 10 मई, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331, 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टेण्ड, गोरवपथ, अम्बिकापुर

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (जनरल सर्जरी)- कोलकाता, एम.सी.एच. (प्लास्टिक सर्जरी), नई दिल्ली
पूर्व असिस्टेंट ऑफिसर, वी.एम.एम.सी व सफदरगंज अस्पताल, नई दिल्ली
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
रविवार, 27 अप्रैल 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
अपैण्डिक्स • हार्निया
पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
ऑपरेशन द्वारा ईलाज
नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
दांतो की नसों का इलाज
दांतों की सफाई व चमकाना
दंत प्रत्यारोपण
मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

28 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 4/28/2025 9:53 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### महमाया ओपन कास्ट खदान बनेगा रोजगार का गढ़, मंत्री राजवाड़े



**अम्बिकापुर।** भटगांव क्षेत्र के एसईसीएल मुख्य महाप्रबंधक दिलीप कुमार बोबड़े के नेतृत्व में महामाया ओपन कास्ट कोयला खदान परियोजना को शुरू करने की तैयारियां जोरों पर हैं। इस ऐतिहासिक पहल के तहत 30 अप्रैल को नगर पंचायत जरही क्षेत्र के 86 पात्र लाभार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगी। एसईसीएल भटगांव द्वारा नगर पंचायत जरही क्षेत्र में 428 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है। इस परियोजना के तहत कुल 214 स्थानीय लाभार्थियों को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रथम चरण में 86 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे, शेष को बिलासपुर मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के उपरांत अवसर प्रदान किए जाएंगे। महमाया ओपन कास्ट खदान से निकले कोयले का इस्तेमाल प्रस्तावित डामर फैक्ट्री में किया जाएगा, जिसे पुराने महामाया कोल माइंस क्षेत्र में स्थापित करने की योजना है। इस फैक्ट्री के प्रारंभ होने से लगभग 4 हजार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

### आंधी तूफान से उड़े टीन और सीमेंट के शेड



**सूरजपुर।** रविवार की शाम अचानक आंधी-तूफान आने से भारी नुकसान हुआ है। तेज हवा से पुराने बस स्टैंड के कई दुकान का शेड क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं पान ठेला गुमटी आंधी तूफान से पलट गई। ऐसे में दुकान संचालक को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इधर मंडी रोड में तो एक घर और दुकान का टीन का शेड उड़ गए और घर क्षतिग्रस्त हो गए। मकान मालिक सुनिता गुप्ता ने बताया कि वह पुराने बस स्टैंड में ठेला लगाकर जीवन यापन करती है। अचानक आये इस आंधी तूफान से उनका पूरा घर उजड़ गया और सीमेंट का सेड टुट चुका है जिसका मरम्मत करवाने में वो सक्षम नहीं हैं।

### रुनियाडीह के मां भारती स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम किया गया घोषित



**रामनगर।** ग्राम रुनियाडीह स्थित मां भारती पब्लिक स्कूल के संचालक बोधन राम राजवाड़े द्वारा प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के बच्चों का सोमवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है, इसमें अलग अलग कक्षा में प्रथम आने वाले विद्यार्थी कुमारी सुमन सिंह सातवीं कक्षा 81 प्रतिशत, दिव्यांशी राजवाड़े छठवीं कक्षा 84.66 प्रतिशत, टीनू देवांगन चौथी कक्षा 84.5 प्रतिशत, कुमारी जया तीसरी कक्षा 91 प्रतिशत, कुमारी नैन्सी राजवाड़े दूसरी कक्षा 96.66 प्रतिशत एवं पहली क्लास में अंजना सिंह को 91.33 प्रतिशत प्राप्त हूआ है, इन सभी बच्चों को उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए मौजूद अतिथियों द्वारा बधाई दी गई, इस दौरान बालकिशून राजवाड़े, शिक्षक सरजू सिंह, प्रवीण प्रताप सिंह, विजेंद्र सिंह, मुनेश कुमार, रंगलाल केवट,दीपेश कुशवाहा सहित संस्थान के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### जायसवाल युवा मंच ने किया सच्ची जायसवाल का स्वागत



**अम्बिकापुर।** सच्ची जायसवाल के शहर आगमन पर जायसवाल युवा मंच द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सच्ची जायसवाल ने संघ लोक सेवा आयोग में 654 वीं रैंक प्राप्त कर अद्वितीय सफलता अर्जित की। मां महामाया की पावन नगरी में प्रथम आगमन के अवसर पर जायसवाल युवा मंच द्वारा जायसवाल होटल, गांधी चौक पर भव्य आतिशबाजी, फूल-मालाओं एवं आत्मीय अभिनंदन के साथ स्वागत किया गया। यह पल समाज के लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का क्षण रहा। इस दौरान आयुष जायसवाल, राज कीर्ति जायसवाल, अनूप जायसवाल, रोहित जायसवाल, रवींद्र जायसवाल, हिमांशु जायसवाल, पार्षद शुभम जायसवाल, एनएसयूआई अध्यक्ष आशीष जायसवाल, अंकित जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## पेज 1 के शेष...

### नगर निगम की सरकार ने...

रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही अधोसंरचना मद में एसटीपी निर्माण हेतु 1 अरब 23 करोड़ 73 लाख 13 हजार रूपए का प्रावधान है और इसकी स्वीकृति मिलने के साथ ही डीपीआर भी तैयार किया जा चुका है। बजट में गौवंश को सुरक्षित एवं स्वस्थ रखने के लिए बजट में 1 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। बजट में 20 करोड़ की लागत से 1 हजार सीटर ऑडिटोरियम के निर्माण का प्रावधान रखा गया है। महामाया कॉरिडोर निर्माण के लिए 15 कार्ड का प्रावधान है। एक मांगलिक भवन निर्माण के लिए 3 करोड़, बीटीआई के पास नालंदा की तर्ज पर लाइब्रेरी निर्माण के लिए 11 करोड़ 46 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। महापौर द्वारा पेश किए गए बजट में श्रद्धांजलि योजना के तहत 2 हजार की राशि को 5 हजार करने और कन्या विवाह हेतु 25 हजार रूपए देने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजने सहित अन्य संसाधनों के साथ पास करने पर दोनों पक्षों ने सहमती दी।

## वन विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों में दहशत

# सरहरी-करजंवार जंगल में 24 घंटे से धधक रही भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर अंबिकापुर मार्ग किनारे सरहरी-करजंवार जंगल में रविवार रात 8 बजे से अचानक भीषण आग लग गई। प्रतापपुर वन विभाग से महज 3 किलोमीटर दूर लगी आग देखते ही देखते तेजी से पूरे जंगल में फैल गई। एक ओर आगजनी से न केवल पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि पास के करजंवार बस्ती के लोग भी भयभीत हो गए। वहीं दूसरी ओर वन विभाग की घोर लापरवाही सामने आई है। विभाग के कर्मचारी आग बुझाने की कोई कोशिश तक नहीं की और ने ही वन विभाग के रेंजर और वन रक्षक मौके पर मौजूद नहीं थे।

**खास बात**
- कई हेक्टेयर में फैली आग, आगजनी से बड़ी संख्या में छोटे-बड़े पेड़ जले

रविवार की रात प्रतापपुर-अंबिकापुर मुख्य मार्ग से लगे सरहरी-करंजवार जंगल में अचानक आग लग गई। आग की चपेट से कई हेक्टेयर भूमि में लगे पेड़ पौधे को जल गए। वन विभाग की लापरवाही के कारण प्रतापपुर वन कार्यालय से महज 3 किलोमीटर की मुख्य मार्ग पर आग की लपटे उठ रही थी जिससे अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आग लगने से जंगल पूरा धू-धू कर कर जलने लगा और सड़क धुआं के कारण ढक गया। सबसे बड़ी बात यह है कि भीषण आग को देख लोग सिहर गए। मानो जंगल इस तरह से जल रहा है जिसे किसी ने पेट्रोल डालकर आग लगा दिया है। भीषण गर्मी में लगी यह आग किसने लगाई है इसका पता तो नहीं चल सका है। लेकिन आगजनी से वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी की निष्क्रियता सामने आई है जिसका खामियाजा पर्यावरण सहित वन्य जीवों को भुगतना पड़ रहा है।



जंगल में लगी भीषण आग।

**वन विभाग की उदासीनता**

स्थानीय लोगों ने बताया कि आग लगने की सूचना देने के लिए वन विभाग के रेंजर को कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझा। इस लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश और निराशा व्याप्त है। जंगल में आग की भयावहता को देखते हुए करंजवार बस्ती के नागरिकों ने अपने स्तर पर ही आग बुझाने के प्रयास शुरू किए हैं, ताकि आग बस्ती तक न पहुंचे और बड़ा हादसा टल सके।

**आग से वन्यजीवों और पर्यावरण को भारी खतरा**

जंगल में लगी इस भीषण आग से न केवल सैकड़ों पेड़-पौधे जलकर राख हो रहे हैं, बल्कि वहां के वन्य जीवों का जीवन भी संकट में पड़ गया है। जंगलों में आग लगने से स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को गहरा आघात लगता है, जिसका असर वर्षों तक महसूस किया जा सकता है।

**ग्रामीणों को किया गया सतर्क**

समाजसेवियों और जागरूक नागरिकों ने करंजवार बस्ती के लोगों से पूरी सतर्कता बरतें और आग की लपटों के बढ़ने पर तुरंत सुरक्षित स्थानों की ओर चले जाने की सलाह दी है। साथ ही पानी और अन्य प्राथमिक साधनों से आग बुझाने का प्रयास करते रहें, जब तक कि प्रशासन सक्रिय होकर मदद नहीं पहुंचाता हैं।

**ग्रामीणों की राहत दल भेजने की मांग**

सरहरी-करंजवार जंगल में लगी आग के भीषण हो जाने पर वन विभाग पर सवाल उठना शुरू हो गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल फायर ब्रिगेड और राहत दल भेजने की मांग की है जिससे आग पर काबू पाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया तो जंगल की आग बस्ती तक पहुंच सकती है जिससे लोगों को भारी नुकसान हो सकता है।

**विशेष टीम लगी हुई है**

सरहरी-करंजवार जंगल में लगी आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग की विशेष टीम लगी हुई हुई है। वन विभाग के रेंजर सहित बीट गार्ड द्वारा लापरवाही बरती गई है तो जांच उपरांत उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
**-पंकज कमल**, डीएफओ सूरजपुर



ज्ञापन सौंपते पार्षद।

## लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर पार्षदों ने नगर निगम आयुक्त और महापौर को ज्ञापन सौंपा है। सत्तापक्ष व विपक्ष से पार्षदों के साथ ही पूर्व पार्षदों ने सामान्य सभा के दौरान ज्ञापन सौंप लंबित 24 माह के वेतन का भुगतान कराने की मांग की जिसपर महापौर और आयुक्त ने शासन स्तर पर इस दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया।

बता दें कि नगर निगम की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान 48 वार्ड के पार्षदों को दिसम्बर 2019 से फरवरी 2025 के मध्य लगभग 24 माह के वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है। लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर पूर्व की निगम सरकार की ओर से भी अपनी ओर से पहल कर सदन से प्रस्ताव पास पर राशि की स्वीकृति हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा था लेकिन शासन से स्वीकृति नहीं मिली। अब नगर निगम में सरकार बदलने के बाद एक बार फिर से नगर निगम के पूर्व और वर्तमान पार्षदों की ओर से लंबित वेतन भुगतान की मांग की जा रही है। लंबित भुगतान को लेकर हाल ही में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने भी डिप्टी सीएम और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की थी लेकिन अब तक शासन से राशि स्वीकृत नहीं हुई है ऐसे में नगर निगम के पूर्व और वर्तमान पार्षदों ने सोमवार को नगर निगम की सामान्य सभा के दौरान पार्षदों के वेतन भुगतान की मांग को लेकर नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पार्षदों ने कहा कि कई पार्षदों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है ऐसे में उन्हें आर्थिक तंगी का सामना भी करना पड़ रहा है। उन्होंने पार्षदों के रोके गए वेतन का भुगतान कराने की मांग की। इस दौरान सतीश बारी, विकास वर्मा, रमेश जायसवाल, सुनैना सोनी, नुजहत फातिमा, श्रीमती पूर्णिमा सिंह, सुशांत घोष, मेराज रंगरेज, शमा परवीन, फौजिया नाज सहित अन्य मौजूद थे।

## कांग्रेस की 8 सदस्यीय कमेटी करेगी मेडिकल कॉलेज अस्पताल व सीएचसी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में मेडिकल कॉलेज अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा और शहर में स्थापित हमार क्लीनिक की सेवाओं में विगत डेढ़ वर्ष में आयी गिरावट के आंकलन के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की की अध्यक्षता में एक 8 सदस्यों की जांच कमेटी का गठन कर उन्हें आगामी 5 दिनों में जांच रिपोर्ट देने को कहा है।


- जांच सुविधाओं में कमी और अन्य कमियों को लेकर करेगी जांच

विभिन्न समाचार माध्यमों से यह बात लगातार सामने आ रही थी कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हमर लैब में जांच सुविधाएं समाप्तप्राय हैं। जिसकी वजह से मरीजों पर निजी पैथोलॉजी में जांच कराने से आर्थिक भार आ रहा है। इसी अस्पताल में ब्लड सेपरेटर मशीन की स्थापना के 1 वर्ष पूर्ण हो जाने के बावजूद महज लाइसेंस की प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने से ये ऑपरेशनल नहीं है, जिसका खामियाजा मरीजों को उठाना पड़ रहा है। सीएचसी नवापारा में सेवाओं की गुणवत्ता में गिरावट की खबरें आ रही है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल और हमर क्लीनिक में विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ ही सामान्य स्टॉफ की कमी हो गई है। लगातार आ रही खबरों से यह स्पष्ट हुआ है कि स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं में जो गुणात्मक सुधार किये थे उन्हें डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में धराशायी कर दिया गया है। इसमें स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय प्रशासन की विफलता के साथ ही मौजूदा राजनीतिक उपेक्षा को जानने और उसे जनसामान्य के सामने लाने के उद्देश्य से कांग्रेस ने जांच कमेटी बनाने का निर्णय लिया है।

जांच कमेटी में डॉ अजय तिर्की के साथ पीसीसी महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अम्बिकापुर शहर के अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, अंबिकापुर ग्रामीण के अध्यक्ष विनय शर्मा, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती सीमा सोनी, पार्षद श्रीमती निमन राशि एक्का और कांग्रेस प्रवक्ता गुरप्रीत सिद्धू रहेंगे। जांच समिति के अध्यक्ष डॉ. अजय तिर्की ने कहा है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में गुणवत्ता के गिरावट की तुलनात्मक जांच कर रिपोर्ट शीघ्रता से सार्वजनिक किया जाएगा।

## इंटरनेट के युग में भी अंधेरे में जीवन गुजार रहे कापू टिकरापारा के 106 ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



जिले के लखनपुर अंतर्गत ग्राम कापू टिकरापारा के ग्रामीणों ने गांव में विद्युतीकरण कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

- विद्युतीकरण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शैलेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि लखनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सकरिया के बेन्द्रोखोरा के टोला कापू टिकरापारा में 27 घर मौजूद है और इन घरों में 106 लोग निवास करते है। कापू टिकरापारा हाथी प्रभावित क्षेत्र है इसके साथ ही जंगली जानवरों का भय हर वक्त बना रहता है। रात होते ही गांव में अंधेरा पसर जाता है जिससे सांप बिच्छु का खतरा बना रहता है और अब तक सांप काटने से दो लोगों की मौत हो चुकी है जाकी 5 लोगों की उपचार के बाद जान बचाई गई। आधुनिक युग में आज भी इस गांव के लोग अंधेरे में अपना जीवन गुजार रहे है। गांव में विद्युत व्यवस्था नहीं होने से बच्चों का जीवन भी अन्धकार में है और उन्हें पढाई के लिए परेशानी होती है। विगत 70 वर्षों से गांव में रहने वाले ग्रामीण लागातार विद्युतीकरण की मांग कर रहे है और लगातार मांग को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया लेकिन आज तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। इंटरनेट के युग में कापू टिकरापारा के ग्रामीण अंधेरे में जीवन गुजार रहे है। उन्होंने इस संबंध में विद्युत बोर्ड के चीज इंजीनियर तपेश मेश्राम, आरके मिश्रा को ज्ञापन सौपने के साथ ही 15 दिनों में मांग पूर्ण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इधर अधिकारियों ने ग्रामीणों को एक महीने के अंदर काम पूर्ण होने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर आलोक सिंह,निखिल विश्वकर्मा, मनीष केसरी, अंशु गुप्ता, प्रिंस विश्वकर्मा, ज्ञान तिवारी, शुभम गुप्ता, धर्मजीत किंडो, बुधनाथ, करमसाय, घूरसाय, सनियारो, गांगी किंडों, अलबीना सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद थे।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली जाएगी विशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने हेतु समाज के लोग सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। इस वर्ष विशाल रैली के साथ रामचरितमानस अखंड रामायण एवं भंडारा के साथ कार्यक्रम किया जाएगा।

- समाज के लोगों को सौंपा गया दायित्व

वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सरगुजा सर्व ब्राह्मण समाज के सचिव विकास पाण्डेय ने बताया कि 29 अप्रैल की सुबह 9 बजे से 24 घंटे के लिए संगीत में रामचरितमानस अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा जो 30 अप्रैल को समाप्त होगा। शाम 4 बजे से विशाल शोभा यात्रा स्थानीय गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होगी जो शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए आकर्षक झांकी के साथ परशुराम मंदिर में पहुंचने के पश्चात मंदिर में भगवान परशुराम का विशेष पूजन महा आरती एवं भंडारे के साथ कार्यक्रम के साथ समापन होगा। उन्होंने बताया कि इस उत्सव के कार्यक्रम में संचालन समिति में आलोक दुबे, राजेश तिवारी, दिवेन्द्र मिश्रा, सतीश तिवारी, अनुज दुबे, बच्चू तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, मनोज तिवारी रहेंगे। साथ ही पूजन कार्य में महेंद्र उपाध्याय के साथ उनकी टीम अखंड रामायण में चंद्रसेन तिवारी वीरेंद्र दुबे मंदिर में रंगोली और महा आरती में श्रीमती इति चतुर्वेदी, वसुधा तिवारी, शोभा यात्रा में मनोज तिवारी, दीपक मिश्रा, प्रेमचंद, झंडा कार्य में सतीश तिवारी, विनोद तिवारी, सुनील तिवारी, संजय पांडे, सानू तिवारी, दीपू पांडे, भंडारा प्रसाद के कार्य में ऋषि पांडे, अशोक, जल व्यवस्था में अंगद, दीपक पांडे, प्रकाशमणि त्रिपाठी, साथ ही शोभा यात्रा संचालक में सतीश तिवारी, विनोद तिवारी, प्रमोद दुबे, सत्येंद्र पांडे को कार्य का दायित्व सौंपा गया है। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में मंदिर परिसर में निर्वाचित जनप्रतिनिधि मेधावी छात्राओं व उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के लोगों को सम्मानित किया जाएगा।



### ट्रैक्टर की चपेट में आने से मासूम की गई जान

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी के घर के सामने खेल रहे मासूम को ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक पीछे करने के दौरान टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की चपेट में आने से मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर पुलिस चौकी क्षेत्र निवासी प्रमोद सिंह का डेढ़ वर्षीय पुत्र सुखदेव पड़ोसी मो. इकराम के घर के सामने खेल रहा था। इसी दौरान बालू लोड ट्रैक्टर को पीछे करने दौरान मासूम चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।




## तीन दंतैल हाथियों ने ढहाया बुजुर्गों का आशियाना, बाल बाल बची जान

**प्रतापपुर।** वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पार्वतीपुर के कोड़ाकूपारा बघराडांड निवासी फुलजन लकड़ा के घर को दतैल हाथीयो ने रात में ढहा दिया। इधर घर में सो रहे बुजुर्ग दंपती ने किसी तरह से भाग कर अपनी जान बचाई। गांव में हाथियों के उत्पात मचाने से ग्रामीण पूरी रात रतजगा कर गुजारी।

- हाथियों ने जिस जगह को तोड़ा वहीं पर सो रहे थे बुजुर्ग दंपति, मचा अफरातफरी

बताया जा रहा है कि फूलजन लकड़ा बीती रात पत्नी ललिता घर के कमरे में सो रहे थे। इस बीच देर रात लगभग 1.30 बजे के तीन दतैल हाथी गांव में पहुंच गए और उत्पाद मचाना शुरू किया। हाथियों के धमक से ग्रामीण दंपति रात सहमे रहे तभी अचानक घर की दीवार को तोड़कर घर में रखे बर्तनों को पैरों से कुचला जिसे देखकर बुजुर्ग दंपति काफी सहम गए। हाथियों ने जहां पर घर तोड़ा उसी जगह दोनों पति-पत्नी सो रहे थे। गनीमत था की दीवार दंपति पर नहीं गया नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। वन विभाग की जिम्मेदारी है कि लोगों की सुरक्षा समय पर करे लेकिन विभागीय अधिकारी कर्मचारी जंगल किनारे बसे लोगों की सुरक्षा देने में नाकाम और असफल हो रहे हैं जिसका खामियाजा ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल के किनारे बसे बस्ती के लोग हाथियो के दहशत में रहते है और गांव के लोग वाले डर के साए में रात गुजारते है। ग्रामीणों ने प्रशासन से घरों के आसपास लाइट की व्यवस्था करते हुए कंटीली तार लगाने की मांग की है जिससे अपने घर में लोग सुरक्षित महसूस कर सकें। ग्रामीणों ने टॉर्च सहित हाथी भगाने का सामान मुहैया कराने की मांग की है जिससे आपातकालीन स्थिति में अपनी सुरक्षा कर सकें और हाथियों से अपनी जान सके।



